**उत्तर प्रदेश शासन**
**आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1**
**संख्या 1342/आठ–1–22–60विविध/2018**
**लखनऊ : दिनांक 20 अक्टूबर, 2022**

**प्रमुख सचिव,**
**नगर विकास विभाग,**
**उ0प्र0 शासन।**

कृपया प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक भागीदारी में किफायती आवास योजना के अंतर्गत निरस्तीकरण हेतु प्रस्तावित 66 परियोजनाओं संबंधी निदेशक, आवास बन्धु के पत्र संख्या–8657/2564–Vol-III/आ0ब0–1/निदेशक /2022–23 दिनांक 17.10.2022 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा प्रश्नगत प्रकरण में कतिपय बिन्दुओं पर विचार–विमर्श किये जाने का प्रस्ताव किया गया है।

2— उपरोक्त प्रकरण पर विचार–विमर्श हेतु प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में **दिनांक 28.10.2022 को मध्यान्ह 12:00 बजे उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के सभागार** में एक बैठक आयोजित की गयी है।

3— इस संबंध में अनुरोध है कि उक्त निर्धारित बैठक में किसी भिज्ञ अधिकारी को सुसंगत सूचनाओं सहित प्रतिभाग किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक: यथोक्त।**

20-10-2022

**(अरूणेश कुमार द्विवेदी)**
उप सचिव।

**संख्या एवं दिनांक तदैव।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. आवास आयुक्त, आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ को इस आशय से प्रषित कि उक्त निर्धारित बैठक में सुसंगत सूचनाओं सहित प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
2. उपाध्यक्ष, आगरा/अलीगढ़/बरेली/बांदा/गाज़ियाबाद/गोरखपुर/झांसी/उरई/कानपुर/मेरठ/मुजफ्फरनगर/रायबरेली/लखनऊ/मथुरा–वृन्दावन/अयोध्या/मुरादाबाद/हापुड़–पिलखुआ/फिरोजाबाद–शिकोहाबाद/रामपुर एवं उन्नाव–शुक्लागंज विकास प्राधिकरण वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से उक्त निर्धारित बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
3. निदेशक, सूडा, उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रषित कि उक्त निर्धारित बैठक में सुसंगत सूचनाओं सहित प्रतिभाग करने का कष्ट करें।
4. निदेशक, आवास बन्धु को इस आशय से प्रषित कि उक्त निर्धारित बैठक में सुसंगत सूचनाओं सहित प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

**(धर्मेन्द्र कुमार पाठक)**
अनु सचिव।

[redacted]

1342/8/6-7-2022

आवास बन्धु
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग
उ0प्र0शासन

प्रथम तल, जनपथ मार्केट, लखनऊ
दूरभाष: 2284880 2627021, फैक्स: 2612098
E-mail:awasbandhu@gmail.com
website:http://www.awas.up.nic.in

संख्या: 8657 /2564-Vol-III/आ.ब.–1/निदेशक/2022–23 दिनांक 17 अक्टूबर, 2022

प्रेषक,

निदेशक,
आवास बन्धु,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

उप सचिव,
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1,
उ0प्र0 शासन।

**विषयः प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक भागीदारी में किफायती आवास योजना के अंतर्गत अनारम्भ परियोजनाओं एवं आरम्भ हो चुकी परियोजनाओं तथा निरस्तीकरण हेतु प्रस्तावित परियोजनाओं के संबंध में।**

महोदय,

कृपया प्रमुख सुचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 12.10.2022 को उनके कार्यालय कक्ष में अभिकरणों द्वारा निरस्तीकरण हेतु प्रेषित 66 परियोजनाओं के संबंध में सम्पन्न बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। संदर्भित बैठक में निरस्तीकरण हेतु प्रस्तावित 66 परियोजनाओं, अनारम्भ परियोजनाओं एवं आरम्भ हो चुकी परियोजनाओं के अंतर्गत अनारम्भ भवनों के संबंध में संबंधित अभिकरणों से विचार–विमर्श हेतु शासन स्तर पर बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। बैठक में निम्न विन्दुओं पर विचार–विमर्श किया जाना प्रस्तावित है:–

1. अनारम्भ परियोजनाओं को शीघ्र आरम्भ किये जाने के संबंध में विचार–विमर्श।
2. निर्माणाधीन परियोजनाओं के अंतर्गत अनारम्भ भवनों के संबंध में विचार–विमर्श।
3. निरस्तीकरण हेतु प्रस्तावित परियोजनाओं में निरस्तीकरण के कारण का अस्पष्ट उल्लेख होने के संबंध में विचार–विमर्श।

कृपया उपरोक्त बैठक को आयोजित किये जाने के संबंध में शासन स्तर से आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(रवि जैन)
निदेशक

18.10.2022

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक भागीदारी में किफायती आवास योजना के अंतर्गत अभिकरणों द्वारा निरस्तीकरण हेतु प्रेषित परियोजनाओं का विवरण

(अ) लाभार्थियों की अनुपलब्धता एवं वित्तीय रूप व्यवहार्य **(Viable)** न होने के कारण निरस्तीकरण हेतु प्रेषित 53 परियोजनाओं का विवरण

| क्र. सं. | अभिकरण | स्वीकृत परियोजना का नाम | स्वीकृत भवनों की संख्या | पंजीकरण हेतु विज्ञापन का विवरण (तिथि सहित) | प्रति विज्ञापन प्राप्त आवेदकों की संख्या | प्रति भवन आंकलित लागत | संक्षिप्त टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद | 1 मुरादाबाद (मंझोली यो0) से0–16 | 528 | दि. 09.03.19 से 04.07.19 तक | 16 | - | प्राप्त आवेदकों को सेक्टर–16 में निर्मित 288 भवनों में से रिक्त भवनों को आवंटित किया जाना प्रस्तावित। |
| | | | | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 240 | | |
| | | 2 बाराबंकी (ग्राम–बड़ेल) | 288 | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 232 | | बाह्य विकास कार्यों हेतु संबंधित विभागों की सहमति प्राप्त होने के उपरांत निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। परियोजना हेतु परिषद द्वारा दिनांक 5.08.22 से 15.10.22 तक दुर्बल आयवर्ग भवनों (जी+3) के लिये पुनः विशेष पंजीकरण खोले गये हैं जिसमें प्राप्त पंजीकरण संबंधी सूचना आवास बन्धु/शासन को अवगत करा दिया जायेगा। |
| | | 3 मेरठ (जागृति बिहार) से0–8ए | 816 | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 200 | | प्राप्त आवेदकों के सापेक्ष सेक्टर–2 में निर्मित 480 भवनों में से रिक्त भवनों को आवंटित किया जाना प्रस्तावित। परियोजना हेतु परिषद द्वारा दिनांक 5.08.22 से 15.10.22 तक दुर्बल आयवर्ग भवनों (जी+3) के लिये पुनः विशेष पंजीकरण खोले गये हैं जिसमें प्राप्त पंजीकरण संबंधी सूचना आवास बन्धु/शासन को अवगत करा दिया जायेगा। |
| | | 4 लखनऊ (सरोजनीनगर) | 752 | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 165 | | चिन्हित भूमि सीलिंग की होने के कारण भूमि का कब्जा प्राप्त होने एवं शासन के निर्देशों के कम में वाह्य विकास कार्यों हेतु संबंधित विभागों की सहमति प्राप्त होने की उपरान्त निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। |
| | | 5 हरदोई (तत्यौरा, बावन) | 528 | दि. 09.03.19 से 04.07.19 तक | 1 | | प्रजीकरण के सापेक्ष पर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त न होने के कारण परियोजना निरस्त किये जाने हेतु प्रस्तावित। परियोजना हेतु परिषद द्वारा दिनांक 5.08.22 से 15.10.22 तक दुर्बल आयवर्ग भवनों (जी+3) के लिये पुनः विशेष पंजीकरण खोले गये हैं जिसमें प्राप्त पंजीकरण संबंधी सूचना आवास बन्धु/शासन को अवगत करा दिया जायेगा। |
| | | | | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 93 | | |
| | | 6 उन्नाव (ग्राम–सिंगरौसी) | 240 | दि. 09.03.19 से 04.07.19 तक | 8 | | |
| | | | | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 26 | | |
| | | 7 गाजियाबाद (मण्डोला विहार) | 6000 | दि. 09.03.19 से 04.07.19 तक | 71 | | |
| | | | | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 163 | | |
| | | 8 अम्बेडकरनगर (न्यौतरिया) | 240 | — | . | | जिलाधिकारी की संस्तुति के कम में परियोजना निरस्त किया जाना प्रस्तावित। |
| | | 9 कौशम्बी | 144 | — | . | | |

| क्र. सं. | अभिकरण | | स्वीकृत परियोजना का नाम | स्वीकृत भवनों की संख्या | पंजीकरण हेतु विज्ञापन का विवरण (तिथि सहित) | प्रति विज्ञापन प्राप्त आवेदकों की संख्या | प्रति भवन आंकलित लागत | संक्षिप्त टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 10 | फतेहपुर (अन्दौली विनोबानगर) | 624 | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 8 | | पंजीकरण के सापेक्ष प्रर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त न होने के कारण परियोजना निरस्त किये जाने हेतु प्रस्तावित। परियोजना हेतु परिषद द्वारा दिनांक 5.08.22 से 15.10.22 तक दुर्बल आयवर्ग भवनों (जी+3) के लिये पुनः विशेष पंजीकरण खोले गये हैं जिसमें प्राप्त पंजीकरण संबंधी सूचना आवास बन्धु/शासन को अवगत करा दिया जायेगा। |
| | | 11 | बांदा (ग्राम–लडाकापुरवा) | 240 | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 15 | | |
| | | 12 | कानपुर देहात (आलमचंदपुर) | 480 | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 13 | | |
| | | 13 | कन्नौज (छिबरामऊ) | 96 | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 10 | | पंजीकरण के सापेक्ष प्रर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त न होने के कारण परियोजना निरस्त किये जाने हेतु प्रस्तावित। परियोजना हेतु परिषद द्वारा दिनांक 5.08.22 से 15.10.22 तक दुर्बल आयवर्ग भवनों (जी+3) के लिये पुनः विशेष पंजीकरण खोले गये हैं जिसमें प्राप्त पंजीकरण संबंधी सूचना आवास बन्धु/शासन को अवगत करा दिया जायेगा। |
| | | 14 | मऊ (बढुआ गोदाम) | 192 | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 36 | | |
| | | 15 | हाथरस (ग्राम–रमनपुर, सदर) | 144 | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 17 | | |
| | | 16 | रायबरेली (देयनंदपुर सदर) | 528 | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 23 | | |
| | | 17 | फिरोजाबाद | 128 | दिनांक 13.02.2020 | 0 | | डिमाण्ड सर्वे में लाभार्थी न मिलने के कारण परियोजना निरस्त किया जाना प्रस्तावित। |
| | | 18 | मैनपुरी (औडेण्य पडरिया) | 528 | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 42 | | पंजीकरण के सापेक्ष प्रर्याप्त संख्या में आवेदन प्राप्त न होने के कारण परियोजना निरस्त किये जाने हेतु प्रस्तावित। परियोजना हेतु परिषद द्वारा दिनांक 5.08.22 से 15.10.22 तक दुर्बल आयवर्ग भवनों (जी+3) के लिये पुनः विशेष पंजीकरण खोले गये हैं जिसमें प्राप्त पंजीकरण संबंधी सूचना आवास बन्धु/शासन को अवगत करा दिया जायेगा। |
| | | 19 | बलरामपुर (ग्राम–धूधुलपुर) | 288 | दि. 01.09.20 से 15.11.20 तक | 11 | | |
| 2 | आगरा वि0प्रा0 | 1 | बुढ़ाना पार्ट–1 | 280 | – | – | – | बुढ़ाना में 856 भवन बनाने का प्रस्ताव था। संबंधित स्थल पर सड़क, पहुंच मार्ग, बिजली, पानी, जल निकासी, सीवर आदि की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है और न ही आस–पास प्राधिकरण की कोई योजना है और न ही विकसित क्षेत्र या नगरीय सेटलमेंट है, जहां से उपरोक्त सुविधायें संबंधित क्षेत्र तक विस्तारित की जा सकें। उक्त योजना की व्यवहारिकता, ग्राह्यता एवं वित्तीय विश्लेषण/प्रभाव को देखते हुये योजना को निरस्त किये जाने का निर्णय लिया गया। तदक्रम में बुढ़ाना योजना शासन स्तर से भी निरस्तीकरण हेतु प्रस्तावित है। |
| | | 2 | बुढ़ाना पार्ट–2 | 576 | – | – | – | (नोट– पूर्व में प्राधिकरण द्वारा टी.टी.जेड. से आच्छादन एवं बाह्य विकास कार्य पर आने वाले व्यय को प्राधिकरण द्वारा वहन किये जाने में अस्मर्थता, नगरीय आबादी से 05 किमी0 दूर होने तथा लाभार्थियों द्वारा देय धनराशि रू0 3.50 लाख प्रति भवन पर लाभार्थियों की अनुपलब्धता अवगत कराया गया है।) |

| क्र. सं. | अभिकरण | | स्वीकृत परियोजना का नाम | स्वीकृत भवनों की संख्या | पंजीकरण हेतु विज्ञापन का विवरण (तिथि सहित) | प्रति विज्ञापन प्राप्त आवेदकों की संख्या | प्रति भवन आंकलित लागत | संक्षिप्त टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | महुआखेड़ा | 2016 | ऑफलाईन दि. 07.09.2018 से 31.10.2018 तक–571 आनलाईन दि. –07.09.2018 से दि. 31.10.2018 तक–41 कुल–612 | 612 | | प्राप्त 612 आवेदनों में से मात्र 238 आवेदकों द्वारा ही रू0 6.00 लाख की लागत पर भवन लेने हेतु सहमति दी गयी है। संबंधित स्थल पर सड़क, पहुंच मार्ग, बिजली, पानी, जल निकासी, सीवर आदि की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है और न ही आस–पास प्राधिकरण की कोई योजना है और न ही विकसित क्षेत्र या नगरीय सेटलमेंट है, जहां से उपरोक्त सुविधायें संबंधित क्षेत्र तक विस्तारित की जा सकें। अतः 238 लाभार्थियों के लिये Stand-alone रूप में निर्माण कार्य कराया जाना सम्भव/उचित नहीं है एवं तदक्रम में महुआखुड़ा योजना निरस्तीकरण हेतु प्रस्तावित है। |
| | | 4 | मै0 अतुल इन्फ्रास्टेट एल.एल.पी. (निजी विकासकर्ता) | 365 | दिनांक 07.12.2018 से दिनांक 07.01.2019 तक | 30 | | प्रस्तावित योजना में पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्णयानुसार तदर्थ रोक प्रभावी होने के कारण टी.टी.जेड. से अनुमति प्राप्त न होना। पर्याप्त संख्या में लाभार्थियों द्वारा योजना में पंजीकरण न कराने के कारण निरस्तीकरण हेतु प्रस्तावित है। |
| 3 | अलीगढ़ वि0प्रा0 | 1 | मंजूरगढ़ी में योजना के अंतर्गत 1344 दुर्बल आयवर्ग भवनों का निर्माण कार्य। | 1344 | प्रस्तावित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) मे भवनों हेतु प्रथम आओ–प्रथम पाओं के प्रचार–प्रसार करने के लिये प्राधिकरण द्वारा दैनिक हिन्दुस्तान दैनिक जागरण एवं दैनिक अमर उजाला सीनीय समाचार पत्रों में दिनांक 28.08.2019 का विज्ञापन प्रकाशित कराते हुए दिनांक 30.08.2021 तक पंजीकरण योजना खोली गई। | 43 | 6.35 लाख (वर्ष 2018 की दरों पर) | उक्त भूमि मुख्य मार्ग से 04 किमी0 अन्दर विलेज रोड पर स्थित है तथा शहर से बाहर होने के कारण न तो वहां पर कोई अवस्थापना सुविधायें यथा बिजली, पेयजल, जल–मल निस्तारण, नाला आदि उपलब्ध हैं एवं न ही वहां पर भवनों की मांग है। |
| | | 2 | छेरत सुढ़ियाल मे योजना के अंतर्गत 4320 दुर्बल आयवर्ग भवनों का निर्माण कार्य। | 4320 | | | 8.23 लाख (वर्ष 2018 की दरों पर) | मानकों के अनुरूप न्यूनतम चौड़ाई का पहुच मार्ग उपलब्ध नहीं है। अवस्थापना सुविधाओं यथा–बिजली, पेयजल, जल–मल निस्तारण, नाला आदि की उपलब्धता का अभाव है। लो–लाइंग एरिया तथा 10'–10' गहरे गढ्ढे हैं एवं वहां पर भवनों की माग नहीं है। |
| | | 3 | सहारनपुर में योजना के अंतर्गत 1152 दुर्बल आयवर्ग भवनों का निर्माण कार्य। | 1152 | | | 6.575 लाख (वर्ष 2018 की दरों पर) | स्थल पर अवस्थापना सुविधाओं यथा–बिजली, पेयजल, जल–मल निस्तारण, नाला आदि की उपलब्धता का अभाव है। सुविधायें स्थापित करने में निर्धारित बजट की तुलना में अत्यधिक व्यय होगा। शहर से 12 किमी0 दूर होने के कारण वहां पर भवनों की माग नहीं है। |
| | | 4 | लेखराजपुर में योजना के अंतर्गत 1248 दुर्बल आयवर्ग भवनों का निर्माण कार्य। | 1248 | | | 6.56 लाख (वर्ष 2018 की दरों पर) | मानकों के अनुरूप न्यूनतम चौड़ाई का पहुच मार्ग उपलब्ध नहीं है। अवस्थापना सुविधाओं यथा–बिजली, पेयजल, जल–मल निस्तारण, नाला आदि की उपलब्धता का अभाव है एवं वहां पर भवनों की मांग नहीं है। |
| 4 | बरेली वि0प्रा0 | 1 | मै0 पंकज फैब्रीटेक जे0वी0 प्रा0लि0 (निजी विकासकर्ता) | 834 | – | | - | बरेली विकास क्षेत्र में निजी विकासकर्ताओं की तीन परियोजनाओं के अंतर्गत निर्माणाधीन भवनों के सापेक्ष पंजीकरण खोले गये थे किंतु कई बार प्रयास करने पर भी उक्त योजनाओं हेतु वर्तमान में भी लाभार्थी पूरे नहीं मिल पाये हैं। मेगा बिल्डर के 1500 भवन हेतु 953 आवंटन मोहनइन्फ्राडेवलपर्स के 364 भवनों हेतु 154 आवंटन व धनराज बिल्डर्स के 480 भवनों के सापेक्ष 480 आवंटन हुए है। इस कारण तत्समय ही मै0 पंकज फैब्रीटेक जे0वी0प्रा0लि0 ग्राम आलमपुर, बरेली के 834 नग भवनों के निर्माण की परियोजना की स्वीकृत डी0पी0आर0 निरस्त करने की स्वीकृति दिनांक 02.03.21 को उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदान की गयी है। |

| क्र. सं. | अभिकरण | स्वीकृत परियोजना का नाम | | स्वीकृत भवनों की संख्या | पंजीकरण हेतु विज्ञापन का विवरण (तिथि सहित) | प्रति विज्ञापन प्राप्त आवेदकों की संख्या | प्रति भवन आंकलित लागत | संक्षिप्त टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | मै0 स्पर्श ट्रांसपोर्ट कैरियर प्रा0लि0 (निजी विकासकर्ता) | 192 | — | | | बरेली विकास क्षेत्र में निजी विकासकर्ताओं की तीन परियोजनाओं के अंतर्गत निर्माणाधीन भवनों के सापेक्ष पंजीकरण खोले गये थे किंतु कई बार प्रयास करने पर भी उक्त योजनाओं हेतु वर्तमान में भी लाभार्थी पूरे नहीं मिल पाये हैं। मेगा बिल्डर के 1500 भवन हेतु 953 आवंटन मोहनइन्फ्राडेवलपर्स के 364 भवनों हेतु 154 आवंटन व धनराज बिल्डर्स के 480 भवनों के सापेक्ष 480 आवंटन हुए हैं। इस कारण तत्समय ही मै0 स्पर्श ट्रांसपोर्ट कैरियर प्रा0लि0 ग्राम उड़ला जागीर, बरेली के 192 नग भवनों के निर्माण की परियोजना की स्वीकृत डी0पी0आर0 निरस्त करने की स्वीकृति दिनांक 25.02.21 को उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदान की गयी है। |
| 5 | बांदा वि0प्रा0 | 1. | गाटा सं–3185 ग्राम–लड़ाका पुरवा, नरैनी रोड, बांदा | 512 | पत्रांक–551 / ब.वि.प्रा. / 2017–18 दिनांक 20.12.2017 के माध्यम से प्रेस विज्ञप्ति जारी की गयी है। | 1923 | - | तत्कालीन जिलाधिकारी / उपाध्यक्ष महोदय के पत्र संख्या–11 दिनांक 23.05.2020 द्वारा नगर पालिका परिषद क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना हेतु कोई भी व्यक्ति भवन लेने का इच्छुक नहीं है, के संबंध में सूचित किया गया है। डिमाण्ड सर्वे में कुल 1923 लाभार्थियों के आवेदन प्राप्त हुए थे। कुल प्राप्त आवेदनों की जांच 08 अवर अभियन्ताओं द्वारा की गयी जिसमें से 1074 लाभार्थी भवन लेने के इच्छुक नहीं हैं तथा 476 अपात्र हैं साथ ही 342 ऐसे आवेदक पाये गये हैं जिनके द्वारा अन्य योजनाओं का लाभ लिया जा चुका है व मात्र 31 आवेदक ऐसे पाये गये हैं जो योजना का लाभ लेने के इच्छुक हैं जो अत्यधिक न्यूनतम संख्या में हैं। |
| | | 2. | गाटा सं0–3167, ग्राम–लड़ाका पुरवा नरैनी रोड, बांदा | 240 | | | - | |
| 6 | गाजियाबाद वि0प्रा0 | 1 | मधुबन बापूधाम आवासीय योजना में 2160 (जी+9) भवनों का निर्माण | 2160 | — | | 14.799 | भवन निर्माण कार्य बहुमंजिला प्रस्तावित होने के कारण समस्त आवासीय सुविधायें लिफ्ट आदि का प्राविधान होने, फ्रेम स्ट्रक्चर एवं नींव निर्माण में अत्यधिक व्यय होने के कारण भवन की आंकलित लागत निर्धारित मूल्य से अत्यधिक होने के कारण उक्त भवनों का निर्माण वित्तीय रूप से व्यवहारिक नहीं है। |
| | | 2 | मधुबन बापूधाम आवासीय योजना में 660 (जी+9) भवनों का निर्माण | 660 | — | | 15.234 | |
| | | 3 | मधुबन बापूधाम आवासीय योजना में 2230 (जी+9) भवनों का निर्माण | 2280 | — | | 15.253 | |
| | | 4 | प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कोयल एन्कलेव में 1800 (एस+9) भवनों का निर्माण कार्य। | 1800 | — | | 11.320 | |

| क्र. सं. | अभिकरण | | स्वीकृत परियोजना का नाम | स्वीकृत भवनों की संख्या | पंजीकरण हेतु विज्ञापन का विवरण (तिथि सहित) | प्रति विज्ञापन प्राप्त आवेदकों की संख्या | प्रति भवन आंकलित लागत | संक्षिप्त टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | ग्राम–मंसूरी में 1440 (जी+3) भवनों का निर्माण | 1440 | – | 291 | 7.706 | भूमि जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करायी गयी थी जिस पर प्राधिकरण द्वारा कार्य प्रारम्भ करने पर स्थानीय किसानों द्वारा प्रतिरोध किया गया एवं मा0 राजस्व परिषद द्वारा उक्त भूमि पर यथा स्थित बनाये जाने के आदेश निर्गत किये गये तथा 1440 भवनों के सापेक्ष मात्र 291 ही आवेदन प्राप्त हुये थे, प्राप्त 291 आवेदनों में से 143 आवेदक पात्र एवं 148 आवेदक अपात्र थे। 145 पात्र आवेदकों में से 124 आवेदकों को अन्य योजनाओं में भवन आवंटित किये जा चुके हैं तथा 19 आवेकदकों द्वारा पंजीकरण राशि वापिस ली जा चुकी है। पर्याप्त मात्रा में आवेदन प्राप्त न होने तथा भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण योजना व्यवहारिक रूप से उचित नहीं है। |
| | | 6 | राजस्व ग्राम निवाड़ी के आराजी सं0–2342 एवं 2344 पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 288 भवनों का निर्माण कार्य। | 288 | – | | 6.220 | एक ही स्थल के आस–पास 288+528 कुल 816 भवन की डीपीआर स्वीकृत है, लेकिन अभी तक मात्र 688 आवेदन ही प्राप्त हुये है। इन आवेदकों के विरूद्ध सत्यापन का कार्य डूडा/सूडा द्वारा किया जा रहा है। सत्यापन उपरान्त आवेदकों की संख्या कम प्राप्त होने की सम्भावना है। इनके विरूद्ध वर्तमान में 528 भवन स्थल पर निर्माणाधीन है तथा 288 भवनों हेतु प्रशासन से भूमि भी प्राप्त नहीं हुई है। अतः पर्याप्त मात्रा में आवेदक प्राप्त न होने तथा भूमि भी उपलब्ध नहीं होने के कारण योजना व्यवहारिक रूप से उचित नहीं है। |
| 7 | गोरखपुर वि0प्रा0 | 1 | खोराबार उर्फ सूबा बाजार | 1536 | - | | - | वर्ष 2017 के लक्ष्य के सापेक्ष 1500 ईडब्ल्यूएस इकाईयों का निर्माण किया गया है। उक्त योजना में भी आरक्षित वर्ग के भवनों को बार–बार पंजीकरण खोलने के पश्चात अब तक कुल 1475 भवनों को पात्र आवेदकों को आवंटित किया गया है। अभी भी 25 भवन पात्र आवेदक उपलब्ध न होने के कारण रिक्त है। भविष्य में भी योजना लान्च किये जाने पर पात्र आवेदक न मिल पाने के दृष्टिगत पत्रांक–1156/ अभि0अनु0/गो0वि0प्रा0 /2019–20 दिनांक 18.02.2019 एवं पत्रांक–93/ अभि0अनु0/ गो0वि0प्रा0/ 2020–21 दिनांक 04.06.2020 के परिपेक्ष्य में पंजीकरण नहीं खोला गया। |
| 8 | झांसी वि0प्रा0 | 1 | ग्राम–करारी फेस–2 | 432 | 1833/जे.डी.ए./वि0/2018–19, दिनांक 06.12.2018 | 0 | - | पात्र लाभार्थियों के अभाव में योजना निरस्तीकरण हेतु प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन को पत्र प्रेषित किया गया है। |
| | | 2 | ग्राम–बिजौली–3 | 432 | | 127 | - | |
| | | 3 | ग्राम–खैलार–4 | 384 | | 94 | - | |
| 9 | कानपुर वि0प्रा0 | 1 | कुलगांव | 2208 | 17.10.2018 से 17.11.2018 तक | 87 | | इस योजना में 2208 भवनों का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष पूर्व में 04 बार पंजीकरण खोला गया था, जिसमें क्रमशः 87, 58, 284 एवं 123 अर्थात कुल 552 आवेदन प्राप्त हुये थे। इस योजना में अपर्याप्त डिमाण्ड होने के कारण एवं भू–उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही लम्बित होने के कारण योजना का निर्माण प्रारम्भ किया जाना उचित प्रतीत नहीं हो रहा है। |
| | | | | | 29.11.2018 से 29.12.2018 तक | 58 | | |
| | | | | | 07.01.2019 से 07.02.2019 तक | 284 | | |
| | | | | | 10.07.2019 से 09.08.2019 तक | 123 | | |

| क्र. सं. | अभिकरण | | स्वीकृत परियोजना का नाम | स्वीकृत भवनों की संख्या | पंजीकरण हेतु विज्ञापन का विवरण (तिथि सहित) | प्रति विज्ञापन प्राप्त आवेदकों की संख्या | प्रति भवन आंकलित लागत | संक्षिप्त टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | बिनगवां | 1776 | 17.10.2018 से 17.11.2018 तक | 94 | | इस योजना में 1776 भवनों का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष पूर्व में 04 बार पंजीकरण खोला गया था, जिसमें क्रमशः 94, 128, 374 एवं 761 अर्थात कुल 1357 आवेदन प्राप्त हुये थे। इस योजना में अपर्याप्त डिमाण्ड होने के कारण एवं किसानों से भूमि विवाद होने के कारण योजना का निर्माण प्रारम्भ किया जाना उचित प्रतीत नहीं है। |
| | | | | | 29.11.2018 से 29.12.2018 तक | 128 | | |
| | | | | | 07.01.2019 से 07.02.2019 तक | 374 | | |
| | | | | | 10.07.2019 से 09.08.2019 तक | 761 | | |
| | | 3 | उचटी | 2160 | 17.10.2018 से 17.11.2018 तक | 23 | | इस योजना में 2160 भवनों का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष पूर्व में 04 बार पंजीकरण खोला गया था, जिसमें क्रमशः 23, 23, 66 एवं 68 अर्थात 180 आवेदन प्राप्त हुये थे, जो प्रस्तावित भवनों के सापेक्ष अत्यन्त कम आवेदन प्राप्त होने के कारण एवं किसानों से भूमि विवाद होने के कारण योजना का निर्माण प्रारम्भ किया जाना उचित प्रतीत नहीं है। |
| | | | | | 29.11.2018 से 29.12.2018 तक | 23 | | |
| | | | | | 07.01.2019 से 07.02.2019 तक | 66 | | |
| | | | | | 10.07.2019 से 09.08.2019 तक | 68 | | |
| | | 4 | रूमा | 3840 | 10.07.2019 से 09.08.2019 तक | 885 | | इस योजना में 3840 भवनों का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष पूर्व में एक बार पंजीकरण खोला गया था, जिसमें मात्र 885 आवेदन प्राप्त हुये थे, जो प्रस्तावित भवनों के सापेक्ष अत्यन्त कम हैं। इस योजना में अपर्याप्त डिमाण्ड होने के कारण एवं भू–उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही लम्बित होने के कारण योजना का निर्माण प्रारम्भ किया जाना उचित नहीं है। |
| | | 5 | मछरिया | 864 | 17.10.2018 से 17.11.2018 तक | 353 | | इस योजना में प्रस्तावित 864 भवनों के सापेक्ष पूर्व में 03 बार पंजीकरण खोला गया था, जिसमें क्रमशः 353, 545 एवं 1831 अर्थात कुल 2729 आवेदन प्राप्त हुये थे, जो प्रस्तावित भवनों से 1865 अधिक आवेदन प्राप्त हुये थे। उक्त योजना में पर्याप्त डिमाण्ड है, परन्तु योजना हेतु पहुंच मार्ग एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध कराने में आने वाली कठिनाईयाँ दृष्टिगत उक्त योजना हेतु यह भूमि उपयुक्त प्रतीत नहीं हो रही है। |
| | | | | | 29.11.2018 से 29.12.2018 तक | 545 | | |
| | | | | | 07.01.2019 से 07.02.2019 तक | 1831 | | |
| | | 6 | सनिगवां | 1728 | 17.10.2018 से 17.11.2018 तक | 161 | | इस योजना में 1728 भवनों का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष पूर्व में 04 बार पंजीकरण खोला गया था, जिसमें क्रमशः 161, 185, 727 एवं 667 अर्थात कुल 1740 आवेदन प्राप्त हुये थे। उक्त योजना में पर्याप्त डिमाण्ड है, परन्तु किसानों से भूमि सम्बन्धी विवाद होने के कारण इस योजना का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है। |
| | | | | | 29.11.2018 से 29.12.2018 तक | 185 | | |
| | | | | | 07.01.2019 से 07.02.2019 तक | 727 | | |
| | | | | | 10.07.2019 से 09.08.2019 तक | 667 | | |
| 10 | मेरठ वि0प्रा0 | 1 | 1432 ईडब्ल्यूएस बराल परतापुर, मेरठ | 1432 | - | | 9.857 लाख (वर्तमान आंकलित मूल्य) | भवनों के निर्माण कार्य हेतु पूर्व में आंगणन पी.डब्ल्यू.डी. एस.ओ.आर.–2018 के आधार पर की गयी थी, जिसके सापेक्ष वर्तमान में संशोधित आगणन एस.ओ.आर.–2020 के आधार पर तैयार किया गया है, जिस कारण प्रति भवन निर्माण लागत में वृद्धि हई है। |
| 11 | मुजफ्फरनगर वि0प्रा0 | 1 | तहसील खतौली के राजस्व गांव बेगराजपुर में 256 ईडब्ल्यूएस भवनों की | 256 | 06.08.2019 – 13.09.2019 | 40 | | 256 ईडब्ल्यूएस भवनों के सापेक्ष कुल 58 आवेदक प्राप्त होने के कारण योजना को निरस्त किया जाना उचित होगा। |
| | | | | | 17.02.2020–16.04.2020 | 10 | | |
| | | | | | 11.01.2021–25.01.2021 | 8 | | |
| | | 2 | ग्राम भसाना नगर पंचायत बुढ़ाना बांगर तहसील बुढ़ाना में 256 ईडब्ल्यूएस भवनों की परियोजना | 256 | 06.08.2019–13.09.2019 | 9 | | 256 ईडब्ल्यूएस भवनों के सापेक्ष कुल 63 आवेदक प्राप्त होने के कारण योजना को निरस्त किया जाना उचित होगा। |
| | | | | | 17.02.2020–16.04.2020 | 25 | | |
| | | | | | 11.01.2021–25.01.2021 | 14 | | |
| | | | | | पंजीकरण हेतु कैम्प आयोजन | 15 | | |

| क्रं. सं. | अभिकरण | | स्वीकृत परियोजना का नाम | स्वीकृत भवनों की संख्या | पंजीकरण हेतु विज्ञापन का विवरण (तिथि सहित) | प्रति विज्ञापन प्राप्त आवेदकों की संख्या | प्रति भवन आंकलित लागत | संक्षिप्त टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | भोपा रोड बाईपास कॉसिंग (ईस्ट) पर 400 ईडब्ल्यूएस भवनों की परियोजना | 400 | डिमान्ड सर्वे 11.06.2021—18.06.2021 | 3 | | 400 ईडब्ल्यूएस भवनों के सापेक्ष कुल 11 आवेदक प्राप्त होने के कारण योजना को निरस्त किया जाना उचित होगा। |
| | | | | | 24.06.2021—30.06.2021 | 8 | | |
| 12 | उरई वि0प्रा0 | 1 | प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) | 192 | कार्यालय पत्र सं0—121 / उ0वि0प्रा0, दिनांक 13.03.2018 आवश्यक सूचना / डिमाण्ड सर्वे | 361 | | दिनांक 25.11.2019 को आयोजित मासिक समीक्षा—समस्या विश्लेषण व निदान की बैठक में दिये गये निर्देशों के कम में परियोजना अधिकारी, डूडा से पुनः डिमाण्ड सर्वे कराया गया। परियोजना अधिकारी, डूडा के पत्र सं0—73 / डूडा / पी0एम0ए0वाई0 / 2019—20, दिनांक 04.02.2020 के द्वारा अवगत कराया गया कि उरई नगर से प्रस्तावित स्थल की दूरी 10—12 किमी0 होने के कारण चयनित पात्र लाभार्थियों द्वारा आवास लेने एवं अंशदान की धनराशि जमा करने में असमर्थता। |
| 13 | रायबरेली वि0प्रा0 | 1 | देवानन्दपुर, रायबरेली में ए.एच.पी. घटक के अंतर्गत पीएमएवाई में चार मंजिले, ईडब्ल्यूएस आवास का विवरण | 457 | 05 जनवरी, 2019 से 31 मार्च, 2019 तक | 5 | 8.56 लाख (वर्ष 2022 की दरों का समावेश करने पर) | प्रश्नगत परियोजना का स्थल शहर से बाहर होने के कारण बाह्य विकास कार्यों हेतु डी0पी0आर0 धनांक रू0 311.95 लाख वित्त पोषण हेतु प्राधिकरण पत्र संख्या—1743 / अभि0अनु0 / रा0वि0प्रा0 / 2019—22 / 2020 दिनांक 25.01.2020 द्वारा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को प्रेषित की गयी थी। जिसे उप सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन नियोजन अनुभाग—1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के पसत्र संख्या—11301) / आठ—1 —20—339 / 2019 दिनांक 18.09.2020 द्वारा बाह्य विकास कार्यों के वित्त पोषण का प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया। प्रस्तावित स्थल अभी विकसित नहीं है। देवानन्दपुर योजना में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की परियोजना जो वर्ष 2018 में तैयार की गयी थी, तत्समय प्रति भवन की लागत रू0 6.50 लाख की आ रही थी। परियोजना की डी0पी0आर0 वर्ष 2022 की दरों का समावेश करने हुए जब डी.पी.आर. को अपडेट किया जाता है तो प्रति भवन की लागत रू0 8.56 लाख आ रही है। |
| | | | | | 15 जून, 2019 से 14 अगस्त, 2019 तक | 58 | | |
| | | | | | 05 सितम्बर, 2019 से 31 अक्टूबर, 2019 तक | 31 | | |
| | | | | | 15 नवम्बर, 2019 से 14 जनवरी, 2020 तक | 10 | | |
| **कुल योग** | | | **53 परियोजनायें** | **52844** | **भवन** | | | |

(ब) मा0 न्यायालय में वाद, भूमि की अनुपलब्धता, भूमि विवाद, भू—उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही लम्बित होने, टी.टी.जेड. से प्रभावित होने एवं निजी विकासकर्ता द्वारा रूचि न दिखाये जाने के कारण निरस्तीकरण हेतु प्रेषित 13 परियोजनाओं का विवरण

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लखनऊ वि0प्रा0 | 1 | प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत सरोजनीनगर ग्राम—नूरनगर भदरसा में 4456 ई.डब्ल्यू.एस. भवनों के निर्माण कार्य | 4456 | — | — | — | वर्तमान समय तक ग्राम नूर नगर भदरसा तहसील सरोजनी नगर लखनऊ, लखनऊ विकास सीमा क्षेत्र के बाहर हे। अतः उक्त भूमि के वर्तमान समय तक लखनऊ विकास प्राधिकरण में अंतरण न होने के दृष्टिगत 4456 भवनों के निर्माण हेतु स्वीकृत डी.पी.आर. / प्रस्ताव को प्राधिकरण द्वारा समर्पित किया जा रहा है। |
| 2 | नगर निगम, लखनऊ | 1 | प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत समूह आवासीय योजना पारा में 239 ई.डब्ल्यू.एस. भवन | 239 | — | — | — | भूमि विवाद निक्षेपित न होने के कारण प्रश्नगत स्थल पर कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है। |

| क्र. सं. | अभिकरण | | स्वीकृत परियोजना का नाम | स्वीकृत भवनों की संख्या | पंजीकरण हेतु विज्ञापन का विवरण (तिथि सहित) | प्रति विज्ञापन प्राप्त आवेदकों की संख्या | प्रति भवन आंकलित लागत | संक्षिप्त टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | मथुरा–वृन्दावन वि0प्रा0 | 1 | प्र.आ.यो. (शहरी) के अंतर्गत सुनरख बांगर गाटा संख्या–304, 305 में 268 ई. डब्ल्यू.एस. भवन | 268 | – | – | – | परियोजनाएं टी.टी.जेड. से प्रभावित होने, निर्माण स्थल पर मानक के अनुसार 12 मी0 चौड़ी सड़क न मिलने के कारण भू–उपयोग परिवर्तन की अनुमति शासन द्वारा प्रदान नहीं की गयी है। परियोजनाओं के निरस्तीकरण के प्रस्ताव प्रेषित है। |
| | | 2 | प्र.आ.यो. (शहरी) के अंतर्गत सुनरख बांगर गाटा संख्या–351 में 640 ई.डब्ल्यू. एस. भवन | 640 | – | – | – | |
| 4 | मेरठ वि0प्रा0 | 1 | प्र.आ.यो. (शहरी) के अंतर्गत शोभापुर में 888 ई.डब्ल्यू.एस. भवन | 888 | – | – | – | परियोजना के प्रस्तावित स्थल पर मा0 उच्च न्यायालय में रिट याचिका विचाराधीन होने, भूमि का पुनर्स्थापन वाद उप जिलाधिकारी न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण परियोजना निरस्तीकरण का प्रस्ताव प्रेषित है। |
| 5 | मुरादाबाद वि0प्रा0 | 1 | प्र.आ.यो. (शहरी) के अंतर्गत ढक्का योजना गाटा संख्या–369, 370 में 304 ई. डब्ल्यू.एस. भवन | 304 | – | – | – | मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका में पारित स्थगनादेश के आलोक में योजना को निरस्त किये जाने की कार्यवाही किये जाने का अनुरोध किया गया है। |
| | | 2 | प्र.आ.यो. (शहरी) के अंतर्गत शाहपुर टिगरी गाटा संख्या–02 में 1552 ई.डब्ल्यू.एस. भवन | 1552 | – | – | – | वर्तमान में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 11.06.2020 के विरूद्ध रिव्यू याचिका दाखिल है, किन्तु प्रश्नगत भूमि वाद से अंतर्ग्रस्त होने के कारण स्थल पर योजना को प्रारम्भ/क्रियान्वित किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। |
| | | 3 | प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत ग्राम–भदौरा में 944 ई.डब्ल्यू.एस. भवन | 944 | – | – | – | मा0 उच्च न्यायालय में योजित वाद विचाराधीन है तथा परियोजना पर वांछित एप्रोच मार्ग उपलब्ध न होने तथा एप्रोच मार्ग हेतु भूमि अर्जन पर व्यय, लगभग 2 मी0 मिट्टी भराई पर व्यय एवं उक्त के दृष्टिगत भवनों के फाउंडेशन हेतु विशिष्ट प्राविधान किये जाने पर भवनों की लागत में अतिरिक्त वृद्धि के कारण परियोजना लाभार्थियों के लिए व्यवहार्य नहीं रहेगी। अतः योजना को निरस्त किये जाने की कार्यवाही का अनुरोध किया गया है। |
| | | 4 | प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत ग्राम–चंदमारी में 272 ई.डब्ल्यू. एस. भवन | 272 | – | – | – | सन्दर्भित भू–भाग के मध्य से 80 फिट चौड़े प्रस्तावित महायोजना मार्ग के कारण नियोजन प्रभावित हो गया है। साथ ही परियोजना तक पहुंच मार्ग हेतु भूमि नगर निगम के स्वामित्व में है, जिसका प्राधिकरण के पक्ष का नामान्तरण अद्यतन न हो सकने के कारण परियोजना व्यवहारिक रूप से उचित नहीं है। अतः इसे ड्रॉप किया जाना उचित है। |
| 6 | हापुड़–पिलखुवा वि0प्रा0 | 1 | प्र.आ.यो. (शहरी) के अंतर्गत 480 ई.डब्ल्यू.एस. भवन (मेसर्स श्री जी हाउसिंग प्रा.लि.) (निजी विकासकर्ता) | 480 | – | – | – | भू–उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही निर्धारित समय में पूर्ण न होने के कारण निजी विकासकर्ता द्वारा परियोजना को निरस्त करने का अनुरोध किया गया है। तदक्रम में प्राधिकरण की टी.टी.ई.सी. द्वारा परियोजना को निरस्त करने का अनुरोध किया गया है। |

| क्र. सं. | अभिकरण | | स्वीकृत परियोजना का नाम | स्वीकृत भवनों की संख्या | पंजीकरण हेतु विज्ञापन का विवरण (तिथि सहित) | प्रति विज्ञापन प्राप्त आवेदकों की संख्या | प्रति भवन आंकलित लागत | संक्षिप्त टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | प्र.आ.यो. (शहरी) के अंतर्गत 880 ई.डब्ल्यू.एस. भवन (मैसर्स युरेका बिल्डर्स प्रा.लि.) (निजी विकासकर्ता) | 880 | – | – | – | |
| 7 | कानपुर वि0प्रा0 | 1 | प्र.आ.यो. (शहरी) के अंतर्गत 576 ई.डब्ल्यू.एस. भवन (मैसर्स शानवी प्रा.लि.) (निजी विकासकर्ता) | 576 | – | – | – | निजी विकासकर्ता द्वारा सी.एस.एम.सी. से स्वीकृति के उपरान्त परियोजना की सी.पी.आर./डी.पी.आर. अभिकरण के बार–बार अनुरोध करने के बाद भी प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके कारण अभिकरण द्वारा परियोजना निरस्त किये जाने की संस्तुति करते हुए सी.एस.एम.सी. से केन्द्रांश/राज्यांश की स्वीकृति को निरस्त कराये जाने का अनुरोध किया गया है। |
| | | 2 | प्र.आ.यो. (शहरी) के अंतर्गत 976 ई.डब्ल्यू.एस. भवन (मैसर्स ट्रेड स्टोन लि.) (निजी विकासकर्ता) | 976 | – | – | – | |
| कुल | | | 13 परियोजना | 12475 | भवन | | | |

**महायोग (अ+ब) = 52844+12475= 65319**

नोट– पूर्व में आगरा विकास प्राधिरकण द्वारा 02 परियोजनाओं के निरस्तीकरण प्रस्तावव प्रेषित किये गये थे। इसके अतिरिक्त पुनः आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित की जाने वाली महुआखुड़ा स्थित 2016 भवनों की परियोजना एवं निजी विकासकर्ता मैसर्स अतुल इन्फ्रा स्टेट की 365 भवनों की परियोजना के निरस्तीकरण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार पूर्व प्रेषित 64 परियोजनाओं (62938 भवन) में आगरा की 02 परियोजनाये सम्मिलित करते हुए निरस्तीकरण हेतु 66 परियोजनाओं का विवरण संकलित किया गया है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) – ए.एच.पी. घटक

## अनारम्भ परियोजनाओं एवं आरम्भ हो चुकी परियोजनाओं में अनारम्भ आवासों का विवरण

oct, 2022

| क्रं. सं. | अभिकरण का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत भवनों की संख्या | अनारम्भ भवनों की संख्या | अभिकरणों द्वारा प्रेषित आख्या का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद | (अ) अनारम्भ परियोजनायें | | | |
| | | 1 अवध विहार योजना (पार्ट–2) | 576 | 576 | कार्य स्थल पर किसानों का विरोध के कारण अन्यत्र परियोजना ले जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| | | 2 अजन्ता पुरम, लोनी रोड (निजी विकासकर्ता) | 603 | 603 | भवन निजी विकासकर्ता द्वारा बनाये जाने हैं, भवनों के निर्माण की कार्यवाही प्रारम्भ। |
| | | (ब) आंशिक रूप से आरम्भ परियोजनायें | | | |
| | | 3 भिन्गा रोड, बहराइच | 192 | 48 | |
| | | 4 स्पीनिंग मिल, इटावा | 192 | 96 | |
| | | 5 सिविल लाईन, गोण्डा | 528 | 144 | |
| | | 6 कनकहा, मोहनलालगंज, लखनऊ | 1344 | 192 | |
| | | 7 सेक्टर–15, मझोला, मुरादाबाद | 1200 | 960 | |
| 2 | अयोध्या वि0प्रा0 | (ब) आंशिक रूप से आरम्भ परियोजनायें | | | |
| | | मोहल्ला बाग, विजेसी, अयोध्या | 640 | 256 | 256 भवनों हेतु मौके पर भूमि उपलब्ध न हो पाने के कारण निर्माण कार्य कराया जाना सम्भव नहीं है। |
| 3 | बरेली वि0प्रा0 | (ब) आंशिक रूप से आरम्भ परियोजनायें | | | |
| | | 1 हमीरपुर, बरेली (मैसर्स मोहन इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा0लि0 निजी विकासकर्ता) | 364 | 92 | 92 भवनों का निर्माण कार्य शासन से द्वितीय किश्त अवमुक्त न होने के कारण आरम्भ नहीं किया जा रहे हैं। |
| | | 2 पुरनापुर एवं कुआटांडा, बरेली (मैसर्स मेगा इन्फ्राड्रीम्स कन्सोर्शियम निजी विकासकर्ता) | 1500 | 150 | 150 भवनों का निर्माण कार्य शासन से द्वितीय किश्त अवमुक्त न होने के कारण आरम्भ नहीं किये जा रहे हैं। |
| | | 3 घंघोरा पिपरिया, बरेली (मैसर्स धनराज बिल्डर्स निजी विकासकर्ता) | 480 | 360 | 360 भवनों का निर्माण कार्य शासन से द्वितीय किश्त अवमुक्त न होने के कारण आरम्भ नहीं किये जा रहे हैं। |
| 4 | फिरोजाबाद–शिकोहाबाद वि0प्रा0 | (ब) आंशिक रूप से आरम्भ परियोजना | | | |
| | | ग्राम उसायनी, फिरोजाबाद | 800 | 232 | परियोजना टी0टी0जेड0 से प्रभावित होने के कारण 232 भवनों के निर्माण पर कार्यवाही नहीं हो पा रही है। 568 भवनों के निर्माण की संशोधित परियोजना अनुमोदन हेतु सूडा को प्रेषित है। |

| क्र. सं. | अभिकरण का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत भवनों की संख्या | अनारम्भ भवनों की संख्या | अभिकरणों द्वारा प्रेषित आख्या का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | गाजियाबाद वि0प्रा0 | (अ) अनारम्भ परियोजनायें | | | |
| | | 1 ग्राम पसौंडा, गाजियाबाद (निजी विकासकर्ता) | 251 | 251 | मानचित्र निर्गत किया जा चुका है। वांछित अनापत्ति एवं रेरा रजिस्ट्रेशन न होने के कारण निर्माण कार्य आरम्भ नहीं हो पा रहा है। |
| | | 2 एस.जी.एस. सिटी–1 (निजी विकासकर्ता) | 1493 | 1493 | |
| | | 3 एस.जी.एस.सिटी–2 (निजी विकासकर्ता) | 1493 | 1493 | |
| | | 4 ग्राम डासना, आराध्यम–2(निजी विकासकर्ता) | 312 | 312 | मानचित्र दिनांक 24.03.2022 को स्वीकृत। मानचित्र निर्गत किये जाने की कार्यवाही प्रकियाधीन है। |
| | | 5 मैसर्स रॉक फोर्ट डेवलपर्स प्रा0लि0 (निजी विकासकर्ता) | 147 | 147 | भू–उपयोग परिवर्तन किया जा चुका है। मानचित्र स्वीकृति की प्रकिया में है। |
| | | 6 सिग्नेचर ग्लोबल लाईफ स्टाइल (निजी विकासकर्ता) | 873 | 873 | शासन से भू–उपयोग परिवर्तन दिनांक 04.01.2022 को किया गया है। विकासकर्ता द्वारा मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। |
| | | (ब) आंशिक रूप से आरम्भ परियोजनायें | | | |
| | | 7 ग्राम निवाड़ी, गाजियाबाद | 528 | 144 | |
| | | 8 प्रताप विहार, गाजियाबद | 1200 | 576 | |
| 7 | हापुड़–पिलखुवा वि0प्रा0 | (अ) अनारम्भ परियोजनायें | | | |
| | | ग्रीन सिटी एवं गोपाल किरन, हापुड़ (निजी विकासकर्ता) | 956 | 956 | प्राधिकरण द्वारा मानचित्र निर्गत किया जा चुका है। रेरा पंजीकरण कराने व स्थल पर निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराने हेतु प्राधिकरण द्वारा निजी विकासकर्ता को पत्र प्रेषित किया गया है। |
| 8 | कानपुर वि0प्रा0 | (ब) आंशिक रूप से आरम्भ परियोजनायें | | | |
| | | शताब्दीनगर फेस–3 व 4 | 4800 | 3648 | भूमि विवाद के कारण कार्य आरम्भ नहीं हो सका था। वर्तमान में 1152 भवनों का निर्माण कार्य आरम्भ है। |
| 9 | लखनऊ वि0प्रा0 | (अ) अनारम्भ परियोजनायें | | | |
| | | 1 बसन्त कुंज योजना सेक्टर–आई (जी+3), लखनऊ | 4512 | 4512 | परियोजना हेतु इन्वायरमेन्टल इम्पैक्ट क्लीयरेन्स की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। |
| | | 2 पुराना हैदराबाद, हसनगंज, हनुमान सेतु मंदिर, लखनऊ | 120 | 120 | वर्तमान में शासन द्वारा उक्त परियोजना हेतु नजूल भूमि प्राधिकरण को भवन निर्माण हेतु निःशुल्क उपलब्ध नहीं करायी गयी है। |
| 10 | मुरादाबाद वि0प्रा0 | (ब) आंशिक रूप से आरम्भ परियोजनायें | | | |
| | | सोनकपुर, मुरादाबाद | 208 | 32 | 176 भवनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है। अवशेष 32 भवनों के निर्माण स्थल पर मा0 जिला न्यायालय मुरादाबाद से स्थगन आदेश होने के कारण निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है। अन्य स्थान पर 32 भवनों के निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। |
| 11 | रायबरेली वि0प्रा0 | (ब) आंशिक रूप से आरम्भ परियोजनायें | | | |
| | | ग्राम देवानन्दपुर, रायबरेली | 520 | 285 | प्राधिकरण द्वारा समय–समय पर पंजीकरण खोला गया जिसमें पर्याप्त डिमाण्ड प्राप्त न हो सकी हैं। 235 भवनों के निर्माण की संशोधित परियोजना अनुमोदन हेतु सूडा को प्रेषित है। |

| क्र. सं. | अभिकरण का नाम | परियोजना का नाम | स्वीकृत भवनों की संख्या | अनारम्भ भवनों की संख्या | अभिकरणों द्वारा प्रेषित आख्या का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 12 | रामपुर वि0प्रा0 | (ब) आंशिक रूप से आरम्भ परियोजनायें | | | |
| | | मैरी गोल्ड सिटी, रामपुर | 240 | 210 | 210 अनारम्भ भवनों को शीघ्र आरम्भ करने हेतु प्राधिकरण द्वारा निजी विकासकर्ता को पत्र प्रेषित किया गया है। |
| 13 | उन्नाव–शुक्लागंज वि0प्रा0 | (ब) आंशिक रूप से आरम्भ परियोजनायें | | | |
| | | 1 गाटा संख्या 1250, 1251, 1252 ग्राम बाहर नगर पालिका, उन्नाव | 480 | 48 | जिला प्रशासन द्वारा दोनो परियोजनाओं हेतु आवश्यक भूमि स्थल उपलब्ध न कराये जाने के कारण 96 (48+48) भवनों का निर्माण कार्य आरम्भ नहीं हो पा रहा है। |
| | | 2 गाटा संख्या 1250, 1251, 1252 ग्राम बाहर नगर पालिका, उन्नाव | 240 | 48 | |
| | | कुल | 26792 | 18857 | |